<u>प्रेस नोट–</u>
<u>थाना नवाबाद जनपद झाँसी</u>

दिनाँक 20.12.2024

स्वाट, सर्वेलंस व थाना नवाबाद पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही
पुलिस मुठभेड़ के दौरान 20,000 रु0 का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस तथा दो पहिया वाहन बरामद

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में स्वाट टीम, सर्विलास टीम व थाना नवाबाद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा द्वारा थाना नवाबाद पर दिनाँक 14.12.20204 को पंजीकृत मु0अ0सं0 584/2024 धारा 126(2)/352/109/121(2)/132/351(3) बीएनएस- बनाम 1.सुमित यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी पुलिया नं0 09 थाना प्रेमनगर जिला झांसी 2.अमित यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी पुलिया नं0 09 थाना प्रेमनगर जिला झांसी व दो अज्ञात व्यक्ति नाम पता अज्ञात से सम्बन्धित एक अभियुक्त सुमित यादव उपरोक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक अदद तमन्चा 315 बोर मय नाल मे लगा एक खोखा कारतूस तथा एक अदद जिन्दा कारतूस, एक अदद मो0सा0 नं0 यूपी 93 एपी 6297 हीरो सुपर स्पलेंडर रंग काला मय के साथ गिरफ्तार।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी महोदया श्रीमती सुधा सिंह व पुलिस अधीक्षक नगर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूध्द चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिये गये आदेश-निर्देश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 19/12/2024 को स्वाट टीम व सर्विलास टीम व थाना नवाबाद पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 01 नफर अभियुक्त को एक अदद तमन्चा 315 बोर मय नाल में लगा एक खोखा कारतूस तथा एक अदद जिन्दा कारतूस व अन्तर्गत धारा 207 MV Act में सीजशुदा एक अदद मो0सा0 नं0 यूपी 93 एपी 6297 हीरो सुपर स्पलेंडर रंग काला सहित गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तारी तथा बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना नवाबाद पर मु0अ0सं0 591/24 धारा 109 BNS-2023 (पुलिस पर जानलेवा हमला) व 3/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि साहब दिनांक 14.12.2024 को मैने अपने भाई अमित यादव व अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर जनपद झांसी कारागार के जेलर व उसके एक सिपाही को रेलवे स्टेशन जाते समय पीछा करके घेरकर लाठी-डंडों व एक लोहे की रॉड से जान से मारने की नियत से मारपीट की थी लेकिन पब्लिक के आ जाने से हम लोग भाग गये थे। जेलर मेरे पिता कमलेश जो जिला कारागार झांसी मे काफी समय से बंद थे, उन्हें आये दिन परेशान करता था तथा करीब एक माह पहले मेरे पिता को जेलर ने हमीरपुर जनपद की जेल मे भिजवा दिया था जिससे मेरे पिता ने हम लोगों को यह घटना करने की सलाह दी

थी पिता की राय पर मैने और मेरे भाई अमित यादव व अपने साथी अमर सिंह और अशरफ के साथ मिलकर यह घटना की थी।

मुकदमें में नामजद अभियुक्त अमित यादव तथा प्राकश में आए दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त-

सुमित यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी पुलिया नं0 09 थाना प्रेमनगर जिला झांसी

बरामदगीः-

एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर मय नाल में लगा एक खोखा कारतूस, एक अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद मो0सा0 नं0 यूपी 93 एपी 6297 हीरो सुपर स्पलेंडर रंग काला

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –

1. **मु0अ0सं0 584/24 धारा 109/121(2)/126(2)/132/352 बी0एन0एस0 थाना नवाबाद झाँसी**
2. **मु0अ0सं0 358/18 धारा 452/504/506 भादवि थाना नवाबाद जनपद झाँसी**
3. **मु0अ0सं0 398/18 धारा 25/27 आयुध अधिनियम थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी**

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1-प्रभारी निरीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार सिह थाना नवाबाद झाँसी

2-स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 श्री जितेन्द्र सिह तक्खर

3-उ0नि0 श्री कुलदीप पंवार चौकी प्रभारी मण्डी

4- उ0नि0 श्री नितीश कुमार चौकी प्रभारी ईलाइट

5- हे0का0 138 शैलेन्द्र चौहान स्वाट टीम

6- का0 342 हर्षित चौहान स्वाट टीम

7- का0 222 रजत सिंह स्वाट टीम

8- का0 1306 मोहम्मद अतीक स्वाट टीम

9- का0 703 अंकित राज थाना नवाबाद

10- का0 256 कुलदीप थाना नवाबाद

11- का0 1152 शैलेश कुमार थाना नवाबाद